(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

डीजल लोकोमोटिव वर्कशाप, वाराणसी के रेलवे कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

3866. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाराणसी डीजल लोकोमोटिव वर्कशाप के लगभग दो हजार रेलवे कर्मचारियों ने एक अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने के विरुद्ध विरोध प्रकट करने के लिये 20 जुलाई, 1968 को बैठ जाने की हड़ताल की थी;

(ख) यदि हां, तो हड़ताल कितने घंटे तक रही;

(ग) क्या उस अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है जिसने दुर्व्यवहार किया था;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसका कारण क्या है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 18-7-1968 को एक कामगार और एक दूसरे कर्मचारी के बीच कहा-सुनी हो जाने के बाद डीजल इंजन कारखाना, वाराणसी के कर्मचारियों ने अवैध हड़ताल कर दी ।

(ख) रात और दिन दोनों पारियों में काम रहा : 20-7-1968 को 6.30 बजे से 15.30 बजे तक दिन की पारी में और 20-7-1968 को 15.30 बजे से 21-7-1968 को 00.15 बजे तक रात की पारी में ।

(ग) से (ङ). 18 जुलाई, 1968 की घटना की जांच की जा रही है ।

पटना और वाराणसी के बीच के क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना

3867. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटना और वाराणसी के बीच कोई बड़ा कारखाना न होने के कारण यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने कोई ठोस योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

PROMOTION OF CENTRAL RAILWAY ACCOUNTS CLERKS GRADE II IN F.A. & C.A.O'S OFFICE, SOUTH CENTRAL RAILWAY, SECUNDERABAD

3868. **SHRI G. S. REDDI :** Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the erstwhile Central Railway Accounts Clerks Grade II now working in the F.A. & C.A.O's Office, South Central Railway, Secunderabad, having passed APP II-A Examination 12 years ago are still stagnating in the initial grade of Rs. 110-180;

(b) whether it is also a fact that the Railway Board's orders contained in their letters No. 62/DSDA, dated the 6th December, 1966 and E(NG)66RRI/